# त्रैमासिक परीक्षा 2016

**कक्षा - VI**

**विषय - विज्ञान**

**समय – 3 घंटे** **पूर्णांक–100**

**निर्देश** – 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2. आवश्यकतानुसार चित्र बनाइए।

प्र. 1 सही विकल्प चुनिए – 5

(1) पृथ्वी अक्ष पर झुकी हुई है –

(अ) $21\frac{1^\circ}{2}$ (ब) $22\frac{1^\circ}{2}$

(स) $23\frac{1^\circ}{2}$ (द) $24\frac{1^\circ}{2}$

(2) हमारे सौरमण्डल का वह ग्रह जहाँ जीवन है–

(अ) बुध (ब) पृथ्वी

(स) मंगल (द) शुक्र

(3) निम्नांकित में से वनों का कार्य नहीं है –

(अ) जल स्तर में वृद्धि (ब) भूमि में खनिज वृद्धि

(स) बीज उत्पादन में (द) तापमान में वृद्धि

(4) वायु प्रदूषण कम करने के लिए मानव के हित में है –

(अ) वाहन बनाना (ब) अस्पताल बनाना

(स) भवन बनाना (द) वृक्षारोपण करना

(5) पौधों में प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया हेतु आवश्यक है –

(अ) कार्बनडाई ऑक्साइड एवं जल

(ब) जल

(स) सूर्य का प्रकाश, कार्बन डाईऑक्साइड एवं जल

(द) सूर्य का प्रकाश

P.T.O.





प्र. 2 सही जोड़ी बनाइए – 5

| | |
|---|---|
| (1) पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है। | (1) नाइट्रोजन गैस |
| (2) पृथ्वी का वह भाग जहाँ ताप सदैव $0^0C$ से कम रहता है। | (2) दीर्घवृत्तीय मार्ग में |
| (3) गुरुत्वाकर्षण के नियम | (3) साईबेरिया |
| (4) पृथ्वी की ऊपरी परत | (4) न्यूटन |
| (5) पेड़ पौधों की वृद्धि में | (5) भूपर्पटी |

प्र. 3 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – 5

(1) वायु में ऑक्सीजन एवं नाइट्रोजन का .......... प्रतिशत भाग है।

(2) वृक्षों द्वारा वायु का ताप .................. हो जाता है।

(3) धातुएँ विद्युत की ..................... हैं।

(4) लम्बाई का SI मात्रक .................... है।

(5) पौधों में ................. नामक वर्णक पाया जाता है।

प्र. 4 एक शब्द/वाक्य में उत्तर लिखिए – 10

(1) $100^0C$ ताप पर जल की कौन सी अवस्था होती है ?

(2) पृथ्वी के सबसे भीतरी भाग को क्या कहते हैं ?

(3) भोपाल गैस त्रासदी में दिसम्बर 1984 को रिसने वाली गैस का क्या नाम था ?

(4) पृथ्वी के तापक्रम की वृद्धि के लिए सबसे ज्यादा उत्तरदायी कौन सी गैस है ?

(5) पौधों में उत्सर्जन किसके द्वारा होता है।

**लघु उत्तरीय प्रश्न –**

प्र. 5 निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 25

(1) पोषण कितने प्रकार का होता है ? नाम लिखिए।

(2) ताप के विभिन्न मात्रक लिखिए।

(3) निम्न समूह से जो भिन्न है उन्हें गोला बनाकर अलग कीजिए–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | कुर्सी, | टेबल, | चारपाई, | तेल |
| (ख) | गुलाब, | हजारी, | कमल, | नाव |
| (ग) | ताँबा, | चाँदी, | रेत, | सोना |
| (घ) | शक्कर, | घोड़ा, | नमक, | रोटी |

(4) वनों द्वारा ताप नियंत्रण की क्रिया कैसे होती है ?

(5) गुरुत्वाकर्षण बल क्या है ?

(6) सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा किस प्रकार करनी चाहिए ?

प्र. 6 कारण स्पष्ट कीजिए – 5

(1) मछली को पानी से बाहर निकालने पर क्या होगा ?

(2) अगर सूर्य नहीं होता तो क्या होता ?

(3) यदि हमारे शरीर में हड्डियाँ व कशेरुक दंड नहीं होता तो क्या होता ?

प्र. 7 निम्नलिखित से किन्हीं दो के नामांकित चित्र बनाइए – 5

(1) डॉक्टरी थर्मामीटर

(2) पृथ्वी की प्रमुख पर्तें

(3) वायुमण्डल का संघटन





प्र. 8 निम्नलिखित में से किन्हीं दो में अंतर स्पष्ट कीजिए– 10

(1) सजीव एवं निर्जीव

(2) कशेरुकी एवं अकशेरुकी

(3) स्वपोषी एवं परपोषी

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न**

**निम्न में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** 30

प्र. 9 सजीवों में जीवन की कौन–कौन सी क्रियाएं होती हैं ? किन्हीं दो क्रियाओं को समझाइए।

प्र. 10 "चिपको आन्दोलन" क्या है ? इसके प्रणेता कौन थे ?

प्र. 11 भूक्षरण एवं मृदा अपरदन किसे कहते हैं ?

प्र. 12 पेड़–पौधे कैसे वायु प्रदूषण को कम करते हैं ?

प्र. 13 पृथ्वी की कितनी पर्तें हैं ? प्रत्येक की जानकारी दें।

प्र. 14 मापतौल विभाग की भूमिका पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

■■■■■■